न्यूज 1 नजर में

कल यहां-यहां बिजली बंद रहेगी

कुल्लू। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल भुंतर ने जानकारी देते हुए कहा 11 केवी फीडर भुंतर एचटी लाइनों की मरम्मत और रखरखाव के कारण मणिकर्ण चौक, शमशी, तेगूबेहढ़ हॉस्पिटल, सेरी बेहढ़, आईटीआई, गदौरी, जौली, पंड़ितबेहढ़, जीबी पंत संस्थान में 7 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

कुल्लू में दिवयांगता शिविर आज

कुल्लू। चिकित्सा अधीक्षक क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू डॉ. नरेश चंद ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में 6 अप्रैल को दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. कल्याण सिंह ठाकुर, डॉ. नीतीश कुमार व डॉ. नेहा वर्मा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संतुष्ट शर्मा व डॉ. अशोक कुमार आंख, नाक, गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. सुमित वालिया, डॉ. दीपशिखा, शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. रवलीन कौर, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. तेनजिंग मेंटोक, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. ऋचा शर्मा अपनी सेवाएं देंगे।

पार्वती नदी पर क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत में जुटे ग्रामीण

मणिकर्ण। मणिकर्ण घाटी में बीते साल हुए प्राकृतिक आपदा के बाद अभी भी कई सड़कों की मरम्मत नहीं हो पाई है, जिसके कारण अब कई जगह पर लोगों को खुद सड़कों की मरम्मत कार्य को पूरा करना पड़ रहा है। मणिकर्ण घाटी के ग्राम पंचायत दनोगी के साथ शाड शाहूट गांव की ओर जाने वाला पुल और सड़क भी प्राकृतिक आपदा की भेंट चढ़ गए थे, लेकिन पंचायत के द्वारा पुल और सड़क के मरम्मत न किए जाने को लेकर अब ग्रामीणों ने खुद ही पार्वती नदी पर बने लकड़ी के पुल के मरम्मत कार्य को शुरू कर दिया है। ग्राम पंचायत दनोगी के अंतर्गत आने वाले शाड शाहूट गांव की ओर जाने वाले पुल की मरम्मत कार्य को अब ग्रामीण अपने स्तर पर पूरा कर रहे हैं ताकि यहां पर ग्रामीणों को आवागमन में आसानी हो सके। शाड शाहूट गांव के स्थानीय निवासी विक्रांत शर्मा, अमरनाथ शर्मा, ओम चंद, नाथूराम, रामनाथ का कहना है कि अब तक लोग अपनी जान जोखिम में डालकर इस लकड़ी के पुल को पार कर रहे थे। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत और जिला प्रशासन को चाहिए कि जो सड़क क्षतिग्रस्त हुई है उसकी भी जल्द से जल्द मरम्मत की जाए, जिससे आगामी फलों व सब्जियों के सीजन में लोगों को दिक्कत का सामना न करना पड़े।

एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने पुलिस थाना केलांग का किया निरीक्षण

केलांग। पुलिस अधीक्षक जिला लाहौल एवं स्पीति



मयंक चौधरी ने शुक्रवार को पुलिस थाना केलांग का मासिक निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने थाना के तमाम रजिस्टर, लाइसेंस हथियारों की एंट्री रजिस्टर, भवन परिसर एवं पुलिस मालखाने का निरक्षण किया। इस अवसर पर उनके द्वारा पुलिस थाना केलांग की आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों की तैयारी का जायजा लिया गया एवं चुनावों से संबंधित थाना प्रभारी एवं समस्त पुलिस कर्मियों को जरूरी दिशानिर्देश दिए गए।

मतदान केंद्र 73 को पंचायत घर शिरढ़ में स्थानांतरित करने को लेकर बैठक की

कुल्लू। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तोरुल एस रवीश ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदान केंद्र 73-शिरढ़ को राजकीय प्राथमिक पाठशाला शिरढ़ से पंचायत घर शिरढ़ में स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव पर बैठक की। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन यानी 1 जून 2024 को राजकीय प्राथमिक पाठशाला शिरढ़ के परिसर में शिरढ़ मेला काहिका का आयोजन किया जाएगा। जिसके कारण मतदान केंद्र में भीड़भाड़ होने की संभावना है, इसलिए वर्तमान मतदान केंद्र 73- शिरढ़ को राजकीय प्राथमिक पाठशाला शिरढ़ से पंचायत घर शिरढ़ में स्थानांतरित किया जाना प्रस्तावित है। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने इस पर अपनी सहमति जताई।

लोकनृत्य में महिला मंडल गलू पट्ट अव्वल

जोगिंद्रनगर। राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर के दौरान महिलाओं के लिए आयोजित हुई लोक नृत्य प्रतियोगिता में महिला मंडल गलू पट्ट प्रथम रहा। राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर के अवसर पर महिलाओं के लिए लोक नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिला मंडल गलू पट्ट प्रथम स्थान पर रहा। महिलाओं की खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजन समिति की संयोजिका एवं प्रधानाचार्य आईटीआई ई. नवीन कुमारी ने बताया कि महिलाओं की लोकनृत्य प्रतियोगिता में महिला मंडल दुल-1 दूसरे तथा महिला मंडल पदवाहन पधर तीसरे स्थान पर रहा। इस स्पर्धा में कुल 17 महिला मंडलों ने भाग लिया।

मौहल में लगी चुनावी पाठशाला

कुल्लू। ग्राम पंचायत मौहल में चुनावी पाठशाला का आयोजन विधानसभा कुल्लू स्वीप टीम के नोडल अधिकारी रमन जैन द्वारा किया गया, जिसमें नेहरू युवा केंद्र के डिप्टी डायरेक्टर व जिला स्वीप टीम के नोडल अधिकारी लाल सिंह ने शिरकत की। इस अवसर पर लोगों को लोकतंत्र में प्रत्येक मत व मतदाता के महत्व को समझाया और लोकतंत्र के प्रति आस्था व जागरूकता बढ़ाने के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में लोगों से संवाद किया गया और मौके पर ही नए वोट बनाए गए। इस कार्यक्रम में सीडीपीओ कुल्लू गजेंद्र ठाकुर जिला स्वीप टीम की ओर से श्यामलाल हांडा, प्रीतम सिंह, गिरधारी लाल शर्मा व विधानसभा कुल्लू स्वीप टीम की ओर से मोहित मेहता, नवीन सोनी, चंद्रशेखर इत्यादि मौजूद रहे।

एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने किया स्ट्रांग रूम और थाने का निरीक्षण

पधर। लोकसभा चुनावों के चलते एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने पधर में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। जानकारी के मुताबिक एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि एसपी मंडी ने पधर के डिग्री कॉलेज नारला में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जरूरी दिशानिर्देश डीएसपी पधर को दिए। उसके बाद साक्षी वर्मा ने पधर में चल रहे थाने भवन का निरीक्षण भी किया और कहा कि जल्द ही थाना बनकर तैयार होगा और नए भवन से थाने का कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा।

लोकसभा चुनावों में उठेगा एसपीयू मंडी की उपेक्षा का मुद्दा

हिमाचल दस्तक ▮ मंडी

मंडी संसदीय लोस सीट के होने जा रहे चुनाव में एसपीयू पटेल यूनिवर्सिटी मंडी की उपेक्षा का मुद्दा इस बार खूब उछल सकता है। हालांकि कांग्रेसी इन आरोपों को बेबुनियाद बता रहे हैं जबकि भाजपा ने इस मुद्दे को उठाना शुरू कर दिया है। उपेक्षा के चलते यूनिवर्सिटी के पांव लड़खड़ाने लगे हैं और सरकार से कोई सहयोग नहीं मिल पा रहा है। इसी वजह से एसपीयू उपेक्षा का शिकार बन गई है। यह मुद्दा वोटरों को प्रभावित कर सकता है। गौरतलब है कि मंडी संसदीय क्षेत्र में आठ लाख 66 हजार कुल मतदाता हैं, जिसमें 4,38,457 पुरुष मतदाता व 4,28,400 महिला मतदाता अपने वोट का इस्तेमाल करेंगी। उधर इस मुद्दे पर प्रतिपक्ष नेता जयराम ठाकुर भी कई मंचों पर मुखर दिखे हैं, जिससे आभास हो रहा है कि इस मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने आ सकते हैं। उधर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि जब से कांग्रेस सत्ता में आई है तब से लेकर अब तक एसपीयू के साथ भेदभाव कर रही है। प्रो वाइस चांसलर के आरोप सही हैं। भाजपा पहले ही इन आरोपों को उठा चुकी है।

▮ प्रो वाइस चांसलर ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

"**कांग्रेस** की प्रदेश सरकार एसपीयू मंडी के साथ भेदभाव कर रही है। एसपीयू की उपेक्षा का जो मुद्दा उठाया है, वह सही है। सरकार का ध्यान इस मुद्दे पर लाने के लिए यह कदम उठाया गया है। इसमें किसी प्रकार की कोई राजनीति नहीं है। काम सफल हो रहा है इसलिए यह आवाज सरकार तक पहुंचे इसलिए यह कदम उठाया गया है।

- डॉ. अनुपमा सिंह, प्रो वाइस चांसलर, एसपीयू।

ये हैं उपेक्षा के कारण

एसपीयू के जेओ आईटी के परिणाम अभी तक घोषित करने की सरकार से अनुमति नहीं मिल पाई है जबकि ये परिणाम पिछले साल से लटके पड़े हैं। इसके अलावा सौ से ज्यादा रिक्त पदों में नियुक्तियां नहीं हो पा रही हैं, जिनमें 26 टीचरों के पद भी खाली हैं। जबकि यह यूनिवर्सिटी केवल 59 अधिकारियों व कर्मचारियों के सहारे चल रही है। सरकार इस मामले में जल्दी एसपीयू को पद भरने की अनुमति प्रदान करे। एसपीयू की प्रो वाइस चांसलर डॉ. अनुपमा सिंह ने कहा कि एसपीयू का काम चलाने के लिए कार्यकारी परिषद और वित्त समिति की बैठकें नियमित रूप से करवाई जाएं, जिसके चलते एसपीयू मंडी के बहुत से रुके हुए कार्य जल्दी हो सकें। प्रो. अनुपमा सिंह ने कहा कि मात्र दस करोड़ के सालाना बजट से इसे चलाना पड़ रहा है। जबकि एचपीयू का सालाना बजट 150 करोड़ से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि यह सही है कि एसपीयू में कांगड़ा और चंबा के कई कॉलेज शामिल थे, जिन्हें हटाकर एचपीयू के साथ जोड़ दिया गया है। उनका यह भी कहना है कि फंड न आने की वजह से चार भवन भी अधर में लटके पड़े हैं।

सीएम ने नहीं किया भेदभाव : कांग्रेस प्रवक्ता

मंडी कांग्रेसियों ने इन आरोपों को पूरी तरह से नकार दिया है। स्थानीय कांग्रेस प्रवक्ता आकाश शर्मा ने कहा कि सरकार पर आरोप लगाना गलत है। विस में पिछली बार एसपीयू में की गई नियुक्तियों को लेकर कई सवाल खड़े हुए थे। उसके बाद सरकार ने इस मामले में अपने स्तर पर जांच शुरू की है। सीएम सुक्खू ने कोई भेदभाव नहीं किया है। यदि पिछली सरकार ने सही कार्य किया होता तो यह समस्या खड़ी नहीं होती। इसके लिए पूर्व की भाजपा सरकार जिम्मेदार है।

पतलीकूहल-नग्गर मार्ग 11 से 13 तक वाहनों की आवाजाही के लिए रहेगा बंद

पीडब्ल्यूडी पाइप डालने का काम करेगा शुरू, वाहन चालकों को जल्द मिलेगी राहत

सुदर्शन ठाकुर ▮ पतलीकूहल

जुलाई-2023 में आई भयानक बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुए पतलीकूहल-नग्गर रोड में सड़क के बह चुके हिस्से पर लोक निर्माण विभाग द्वारा पाइप डालने का काम जल्द पूरा किया जाएगा।

इस कार्य को पूरा करने के लिए अब 11, 12 और 13 अप्रैल को सड़क वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह बंद रहेगी ताकि पाइप बिछाने का कार्य समय पर पूरा किया जा सके। इस मुद्दे को प्रदेश के अग्रणी समाचार पत्र हिमाचल दस्तक ने प्रमुखता से उठाया था। खबर छपने के बाद विभाग एकाएक हरकत में आया और अब जल्द ही इस जगह पर पाइप डालने का काम जल्द पूरा किया जाएगा, जिससे वाहन चालकों को काफी राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि पतलीकूहल से नग्गर को जोड़ने वाली सड़क आठ महीने पहले आई भयंकर बाढ़ के कारण नग्गर पुल के आगे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। आपदा के आठ महीने बीत जाने के बाद भी विभाग इस सड़क पर टारिंग नहीं कर पाया था, जिस कारण नग्गर पुल से आगे की सड़क वाहन चालकों के लिए पिछले आठ माह से सिरदर्द बनी हुई है, इस स्थान पर वाहन चालक हिचकोले खाने को विवश हैं।

आधे-अधूरे कार्य के चलते इस सड़क में हादसे का अंदेशा हमेशा ही बना रहता है। इतना ही नहीं बारिश के समय यह सड़क कीचड़ में तबदील हो जाती है, जिस कारण वाहन चालको को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ।



"**सड़क** के क्षतिग्रस्त हिस्से पर सीमेंट की बड़ी पाइप डाली जानी आवश्यक थी, जिससे भविष्य में यदि पानी का बहाव बढ़ता है तो बाढ़ का पानी बिना कोई नुकसान किए सीमेंट के पाइपों में से होकर गुजर जाएगा। अब इस मार्ग पर सीमेंट की बड़ी पाइप डालने का काम किया जा रहा है, जिसके लिए उपरोक्त मार्ग तीन दिनों के लिए वाहनों की आवाजाही के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा ताकि निर्माणकार्य सही ढंग से पूरा हो सके।

- अनूप शर्मा, अधिशाषी अभियंता, पीडब्ल्यूडी, कटराईं।

लोगों से सहयोग की अपील

लोक निर्माण विभाग ने इस समय अवधि के दौरान लोगों से सहयोग की अपील की है। वाहनों के निरंतर और सुचारू आवागमन के लिए वाहन चालक रायसन के वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग कर सकते हैं। वहीं स्थानीय निवासी कुशल, डिपल, अशोक पुष्प राज, रमेश, कमल, राज, मीना ने विभाग से आग्रह किया है कि नग्गर पुल के पास सड़क की टारिंग भी इस कार्य के बाद जल्द की जाए। इसके साथ ही उन्होंने यहां सड़क के दोनों तरफ बैरिकेड्स और स्ट्रीट लाइटों को लगाने की भी मांग रखी है।

प्राथमिकता के आधार पर एनएच-3 के संवेदनशील स्थलों की मरम्मत सुनिश्चित बनाएं अधिकारी : उपायुक्त

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ कुल्लू

उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश ने शुक्रवार को एनएचएआई भारतीय राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए एनएचएआई के अधिकारियों को पर्यटन सीजन आरंभ होने से पूर्व एनएच -3 टकोली से मनाली तक के सभी सवेदनशील स्थलों की मरम्मत सुनिश्चित बनाने निर्देश दिए। इसके साथ ही यहां आने वाले पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

▮ तोरुल एस. रवीश ने बैठक कर दिए निर्देश

उपायुक्त ने देवधार व बनोतर में भू-स्खलन से एनएच को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए अल्पकालिक व दीर्घकालिक योजना व रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई से एनएच-03 के क्षतिग्रस्त स्थलों के बारे में जानकारी हासिल की तथा एनएचएआई द्वारा किए जा रहे कार्य की जानकारी हासिल की। बैठक में जानकारी देते हुए एनएचएआई के अधिकारियों ने कहा कि देवधार व बनोतर में भूस्खलन को रोकने के लिए सर्वेक्षण के बाद एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के आधार पर निविदाएं आमंत्रित कर ली गई हैं तथा आचार संहिता के समाप्ति के उपरांत कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। फोरलेन के निर्माण होने के इतनी अवधि के बाद अब कुछ लोग सड़क निर्माण वाली भूमि पर अपने स्वामित्व के दावे कर मुआवजे की मांग कर रहे हैं। बैठक में बताया कि कुल्लू से मनाली सड़क पर कुल 11 ऐसे स्थान चिह्नित किए गए हैं जहां पर बाढ़ से क्षति होने के उपरांत सड़क का महत्वपूर्ण हिस्सा बह गया है।

जिया, रायसन व चोज नाला के मलबे को जल्द हटाएं

कुल्लू। उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश ने सभी उपमंडल अधिकारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में गत वर्ष आई बाढ़ से भरे हुए मलबे ड्रेजिंग एवं स्पीकिंग करने को लेकर महत्वपूर्ण स्थानों को चिह्नित कर यहां आवश्यक कार्यों को शीघ्र अमलीजामा पहनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अगले मानसून से पहले इन स्थानों को सुरक्षित कर के बाढ़ से होने वाले नुकसान का न्यूनीकरण किया जा सके। उपायुक्त ने बताया कि तीन प्रमुख स्थानों जिया, रायसन तथा चोज नाला में मलबे को हटाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चोज नाला के लिए उपमंडलाधिकारी कुल्लू, वन विभाग के अधिकारियों सहित सभी संबंधित अधिकारी संयुक्त निरीक्षण करके ड्रेजिंग प्लान तैयार करें। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण एवं जोखिम संभावित क्षेत्रों में प्रचुर मशीनरी, कार्यबल इत्यादी तैनात करने के भी निर्देश दिए।

दिमाग व जुबान में समन्वय स्थापित करें मुख्यमंत्री सुक्खू : सुरेंद्र शौरी

बंजार। ऊना की एक जनसभा में मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा दिए बयान पर बंजार से विधायक सुरेंद्र शौरी ने मुख्यमंत्री को नसीहत देते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया अपने दिल और दिमाग को थोड़ा बड़ा करें। आगामी चुनावों में लगातार पिछड़ने से लगता है कि मुख्यमंत्री भारी दबाव में हैं, जिस कारण वे अपने दिमाग और जुबान में समन्वय खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद की एक गरिमा होती है और इस पद पर बैठे व्यक्ति को हमेशा इसके अनुरूप ही व्यवहार करना चाहिए। मुख्यमंत्री लगातार बिना सोचे समझे जो मन में आ रहा है बयान दिए जा रहे हैं और भूल गए हैं कि वे किस पद पर बैठे हैं। उनके बयानों में व्यावहारिकता की कमी है और जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की कार्यप्रणाली और व्यवहार के कारण ही चालीस विधायकों वाली कांग्रेस पार्टी आज चौंतीस पर पहुंच गई है और भारी किरकिरी पूरे देश में उनकी हुई है। इस प्रकरण से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू की क्षमता पर भी बड़ा प्रश्नचिह्न प्रदेश की जनता द्वारा लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की लगातार गिर रही साख की खीझ मुख्यमंत्री के बयानों से झलक रही है। भुट्टो को कुट्टो जैसे बयान शांतिपूर्ण प्रदेश की परंपराओं के साथ मेल नहीं खाते और अराजकता को बढ़ावा देने वाले हैं। पूर्व विधायकों पर पैसे लेकर सरकार को अस्थिर करने की बात दूर्भाग्यपूर्ण है और सभी विधायक मुख्यमंत्री के खिलाफ अदालत में जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू अपने अहंकार को छोड़ कर अपने बयानों पर सार्वजानिक तौर पर माफी मांगें। अन्यथा इसके गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें।

टिक्करी, सोयरा व बाल्ट में आज मिलेगी गैस की सप्लाई

हिमाचल दस्तक ▮ नेरचौक

▮ शहीद यशवंत संग्रैल गैस सर्विस नेरचौक ने जारी किया अप्रैल माह का रूट चार्ट

शहीद यशवंत संग्रैल गैस सर्विस नेरचौक ने अपना अप्रैल माह का गैस रूट चार्ट जारी कर दिया है, जिसके तहत 6 अप्रैल को टिक्करी, चलखा, सोयरा व बाल्ट में लोगों को गैस सिलिंडर की सुविधा मिलेगी। जबकि 7 अप्रैल को नेरचौक ग्रांछा, चामुंडा कालोनी, गुरुद्वारा, शिव मंदिर, राणा मार्केट व कबाड़ी मार्किट में गैस की गाड़ी आएगी। वहीं 8 अप्रैल को छुट्टी रहेगी।

9 अप्रैल को मुंदड़ू, ट्रोह, पिपली, राजगढ़, मथोग, 10 अप्रैल को जाच्छ, जहल, देवीदहड़, 11 को शाला, तुना, कोट, चच्योट, लोट, 12 को कांगड़, त्रैयांबली, खोर, कंसा चौक, तवान, सन्याह व लोहरा, 13 अप्रैल शनिवार को डिनक, डुगरांई, पटा, राड़ू, रक्कड़, दंद्रास, 14 को भंगरोटू, ग्रोड़ू, चाक गोहर, मेडिकल कॉलेज व ग्रेंछा में गैस की सप्लाई की जाएगी। जबकि 16 अप्रैल को डडौर, भौर, कनैड, तरोट, राजगढ़, मथोग में, 17 को ढोलख, लोअर ढांगू, बग्गी, खियूरी, पाली, डुगरांई व रठोआ में, 18 को राजगढ़, केहड़, ढावण, भियारठ, भियूरा, चवाड़ी, रिगड़ व नलसर में, 19 को गलमा, बुशेहर व नलवाड़ी में, 20 को सोयरा, बाल्ट, टांडा, डहनू व बाग में, 21 को नेरचौक, कोयला मंदिर, कबाड़ी मार्किट व कोला टिक्करी में, 23 अप्रैल को रति, ढांगू, रति पेट्रोल पंप व रति रोड, 24 अप्रैल को डिनक, डुगरांई, रड्डू, दंद्रास व भौर में, 25 को कसारला, सेहल पैड़ी व सैणीमोहरी में, 26 को गहरा, मांडल व अरठी में, 27 अप्रैल को लुणापानी, नागचला व दौंहदी में और 28 अप्रैल रविवार को चकराहड़ी व गोहर में गैस आपूर्ति की जाएगी।

सुक्खू सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल बेहद सराहनीय

बरोट। सुक्खू सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा है। समूचे प्रदेश में विकास कार्यों की जो गति पूर्व की भाजपा सरकार के समय थम गई थी। मगर अब प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की नेतृत्व से समूचे प्रदेश में विकास ने तेज गति पकड़ी है। छोटाभंगाल कांग्रेस के प्रभारी व कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के महासचिव मदन ठाकुर ने कहा कि सरकार द्वारा गत दिनों चलाए गए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम तथा प्रदेश सरकार की कई जन कल्याणकारी योजनाओं को चालू करने के लिए प्रदेश भर की जनता सरकार का आभार जता रही है। उन्होंने कहा कि सरकार गांव के द्वार जैसा महत्वाकांक्षी कार्यक्रम हर स्थान में पूरी तरह सफल रहा है। प्रदेश सरकार ने जहां बेरोजगारों के लिए रोजगार के दरवाजे खोल दिए हैं वहीं सुखाश्रय योजना के लिए भी सुक्खू सरकार की आम जनता सराहना कर रही है।

शेष बचे उपभोक्ता 10 दिन में जमा करवएं हथियार: उपायुक्त

मंडी। मंडी जिला में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद 62 प्रतिशत लाइसेंसी हथियार धारकों ने अपने हथियार पुलिस थानों में जमा करवा दिए हैं। मगर अभी भी 38 फीसदी ऐसे लाइसेंस हथियार धारक हैं जिन्होंने हथियारों को थानों में जमा ही नहीं करवाया है। इस बारे में डीसी मंडी एव जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन ने कड़ा संज्ञान लेते हुए सख्त आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने सभी को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि शेष बचे सभी 10 दिन के भीतर अपने हथियार संबंधित थानों में जमा करवा दें अन्यथा हथियार जमा नहीं करवाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला दंडाधिकारी मंडी अपूर्व देवगन ने स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि मंडी जिला में 12490 लाइसेंसी हथियार धारक हैं, जिनमें से 7712 लोगों ने अपने हथियार थानों में जमा करवा दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन्होंने अभी तक हथियार जमा नहीं करवाए हैं । उन्हें 10 दिन का समय दिया गया है। 10 दिनों के भीतर उन्हें अपने हथियार जमा करवाने होंगे नहीं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

आइनॉक्स विंड लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव–बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआइएनः L31901HP2009PLC031083 | **टेलीफोन/फैक्सः** +91 (1975) 272001 | ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com | **वेबसाइटः** www.inoxwind.com

डाक मतपत्र की सूचना एवं ई–वोटिंग की जानकारी

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 108 एवं 110 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 ("नियम") के नियमन 20 एवं 22, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम") के विनियमन 44 एवं 47, इंस्टिट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इण्डिया द्वारा सामान्य बैठकों पर जारी सेक्रेटेरियल स्टैण्डर्ड–2 ("एसएस–2") तथा कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय ("एमसीए") एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा समय–समय पर उनके विभिन्न परिपत्रों एवं अधिनियमों, नियमों, विनियमों, परिपत्रों एवं अधिसूचनाओं (किसी भी वैधानिक संशोधन(ओं) अथवा तत्समय उनके पुनः अधिनियम सहित) के किसी भी अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार आईनॉक्स विंड लिमिटेड (''कम्पनी'') के सदस्यों की स्वीकृति इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से (''ई–वोटिंग'') डाक मतपत्र सूचना दिनांकित 29 मार्च, 2024, जो उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रेषित की गई है जिनके नाम कम्पनी के सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपॉजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में शुक्रवार, 29 मार्च, 2024 ("कट–ऑफ तिथि") को दर्ज हो तथा जिनकी ईमेल आईडी कम्पनी/ रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट अर्थात् लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (''आरटीए'') अथवा डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत है, में निर्धारित प्रस्ताव(ओं) पर मांगी गई है। कम्पनी ने शुक्रवार, 5 अप्रैल, 2024 को व्याख्यात्मक वक्तव्य के साथ सूचना का प्रेषण पूर्ण कर लिया है।

डाक मतपत्र सूचना कम्पनी की वेबसाइट पर www.inoxwind.com और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात् बीएसई लिमिटेड (बीएसई): www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई): www.nseindia.com तथा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइटः www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

लागू एमसीए परिपत्रों के अनुसार, कम्पनी मात्र इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (ई–वोटिंग) द्वारा उक्त डाक मतपत्र में प्रस्तुत प्रस्ताव(ओं) पर वोट देने के अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्यों की सहमति या असहमति का संचार केवल ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से होगा। कम्पनी ने ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए एजेंसी के रूप में एनएसडीएल की सेवाएं ली हैं।

वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर अथवा लाभार्थी स्वामीयों के रजिस्टर में कट–ऑफ तिथि को दर्ज है, केवल वही ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने हेतु अधिकृत होगा। ई–वोटिंग हेतु सदस्यों/ लाभार्थी स्वामी(ओं) के वोटिंग अधिकार कट–ऑफ तिथि को कम्पनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूँजी में उनके शेयरों के अनुपात में होगा। कट–ऑफ तारीख पश्चात् सदस्य बनने वाले व्यक्ति को इस सूचना को जानकारी मात्र के उद्देश्य से व्यवहृत करना चाहिए। सदस्य द्वारा एक बार डाले गए वोट को बाद में बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ई–वोटिंग की अवधि इस प्रकार हैः

ई–वोटिंग का आरम्भ	शनिवार, 6 अप्रैल, 2024 को प्रातः 09:00 बजे
ई–वोटिंग का समापन	रविवार, 5 मई, 2024 को सायं 05:00 बजे

कृपया ध्यान दें कि रविवार, 5 मई, 2024 को सायं 5.00 बजे के उपरान्त ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी एवं इसके पश्चात् एनएसडीएल द्वारा ई–वोटिंग सुविधा निष्क्रिय कर दी जाएगी। ई–वोटिंग सहित भौतिक मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों या जिन्होंने अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं किया है के वोट डालने हेतु प्रक्रिया पर निर्देश डाक मतपत्र सूचना के हिस्से के रूप में प्रदान किए गए हैं।

घोषित परिणाम, संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ, ई–वोटिंग के समापन के 2 (दो) कार्य दिवस के अन्दर अर्थात् मंगलवार, 7 मई, 2024 को या उससे पूर्व कम्पनी तथा एनएसडीएल की वेबसाइटों पर प्रदर्शित किए जाएंगे एवं स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई तथा एनएसई को भी संचारित किए जाएंगे।

ई–वोटिंग से सम्बद्ध किसी भी शिकायत के सम्बन्ध में सदस्य, सुश्री पल्लवी म्हात्रे, एनएसडीएल, ट्रेड वर्ल्ड, "ए" विंग, चौथी मंजिल, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई–400013 से नामित ईमेल पतेः evoting@nsdl.co.in अथवा 022 48867000/24997000 पर कॉल द्वारा संपर्क कर सकते हैं।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते **आइनॉक्स विंड लिमिटेड**
हस्ता/–
(दीपक बांगा)
कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा
दिनांक : 5 अप्रैल, 2024

बीएलओ को चुनाव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दिए निर्देश

बंजार में एसडीएम ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

हिमाचल दस्तक ▮ बंजार

लोक सभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत एसडीएम बंजार पंकज शर्मा ने बंजार विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र लारजी, शलवार, तलाड़ा, सैंज, शांघड़ इत्यादि का निरीक्षण किया। इसके साथ ही बूथ लेवल अधिकारियों व स्कूल के मुख्य अध्यापकों को निर्देश दिए कि आगामी लोकसभा चुनाव से पहले उपरोक्त मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाओं को सही से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

साथ ही साथ उन्होंने स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं जैसे सफाई, टॉयलेट्स, मिड-डे मील, क्लासरूम आदि का भी निरक्षण किया।

इसके साथ ही इस बात पर जोर दिया कि बच्चे दे